भारत सरकार
**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 674**
जिसका उत्तर 03 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है ।
12 अग्रहायण, 1947 (शक)

## नेक्स्ट जनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम

**674. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:**
**श्री बी. के. पार्थसारथी:**

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) नेक्स्ट जनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (एनजीआईएस) के अंतर्गत राज्यवार और शहरवार कितने स्टार्टअप स्थापित किए गए हैं:
(ख) शुरू किए गए स्टार्टअप का राज्यवार ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्षवार और राज्यवार कुल कितनी राशि स्वीकृत और उपयोग की गई है;
(घ) क्या सरकार की इस योजना का विस्तार करने की योजना है;
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(च) क्या इस योजना में और शहरों को शामिल किए जाने की संभावना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

**(क)** से **(च)** : भारत सरकार, नेक्स्ट जेनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (एनजीआईएस) के माध्यम से टियर- II और टियर-III शहरों में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप का पोषण करके उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा दे रही है। यह योजना सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) द्वारा कार्यान्वित की गई है।

एनजीआईएस के तहत, 686 स्टार्टअप को सलाह, वजीफा, सीड फंडिंग, नेटवर्किंग और इनक्यूबेशन इंफ्रास्ट्रक्चर आदि प्रदान करके सहायता प्रदान की गई है।

इस योजना पर 67.84 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया गया है। एनजीआईएस के तहत राज्य और शहरवार समर्थित स्टार्टअप की संख्या संबंधी विवरण इस प्रकार हैं:

| क्रम संख्या | शहर | राज्य | समर्थित स्टार्ट-अप की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | विजयवाड़ा | आंध्र प्रदेश | 133 |
| 2 | गुवाहाटी | असम | 38 |
| 3 | पटना | बिहार | 31 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | भिलाई | छत्तीसगढ़ | 11 |
| 5 | भोपाल | मध्य प्रदेश | 70 |
| 6 | भुवनेश्वर | ओडिशा | 112 |
| 7 | मोहाली | पंजाब | 59 |
| 8 | जयपुर | राजस्थान | 101 |
| 9 | अगरतला | त्रिपुरा | 8 |
| 10 | लखनऊ | उत्तर प्रदेश | 64 |
| 11 | प्रयागराज | | 8 |
| 12 | देहरादून | उत्तराखंड | 51 |
| **कुल** | | | **686** |

*****